# प्रेस नोट

## दिनांक 20.07.2024

## वृक्षारोपण जन अभियान

आज दिनांक 20.07.2024 को उ0प्र0 शासन द्वारा चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण जन अभियान (लक्ष्य 36.50 करोंड पौधे) के क्रम में मा0 मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री राकेश सचान, निदेशक श्रीमान अनुज कुमार झां, श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कनौटा पौधशाला में अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा बताया गया कि वृक्ष प्रकृति की रक्षा के लिए बहुत आवश्यक हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने चाहिए एवं वृक्षारोपण कर व बारिश के पानी को संरक्षित करके हम पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहयोग कर सकते हैं। सभी अपने आस-पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जिससे कि पर्यावरण का संरक्षण हो सके, तभी पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर रखने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया तथा वृक्षारोपण कर जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण के इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गयी।